प्रेषक,
जिलाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर।

सेवा में,
रजिस्ट्रार,
मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण,
नई दिल्ली।

पत्रांक 362 /डी0एल0आर0सी0/2023 दिनांक 31-10-23

विषयः— मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में विचाराधीन ओ0ए0 संख्या 275/2023 महेश कुमार बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 27.07.23 के अनुपालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर उल्लेख करना है कि मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में विचाराधीन ओ0ए0 संख्या 275/2023 महेश कुमार बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 अधिकरण द्वारा दिनांक 27.07.23 को आदेश पारित किये गये है। आदेश दिनांक 27.07.23 का सारवान अंश निम्नवत् हैः—

**11. "The District Magistrate, Greater Noida/Gautam Budha Nagar is directed to ensure the identification and demarcation of flood plain zone of River Yamuna and Hindan which shall be done by referring Notification dated 07th October, 2016 on "River Ganga (Rejuvenation, Protection and Management) Authorities Order, 2016" and Office Memorandum dated 14th February, 2022 on "Guidelines for siting industries which are in close proximity with the river" and submit a report within two months by e-mail at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/OCR Support PDF and not in the form of Image PDF."**
**List the matter on 02.11.2023**

मा0 अधिकरण द्वारा पारित उपरोक्त आदेश के अनुक्रम में हिण्डन व यमुना नदी के डूब क्षेत्र के चिन्हिकरण व सीमांकन हेतु जनपद स्तर पर कार्यालय आदेश संख्या 699/सा0प0—194/23 दिनांक 30.08.2023 द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), की अध्यक्षता में निम्नवत समिति का गठन किया गया हैः—

1. मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा/ग्रेटर नोएडा/यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नामित अधिकारी (सदस्य)
2. प्रभागीय वनाधिकारी गौतमबुद्धनगर (सदस्य)
3. क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड नोएडा/ग्रेटर नोएडा (सदस्य)
4. अधिशासी अभियन्ता, सिचांई विभाग, गौतमबुद्धनगर (सदस्य संयोजक)

उपरोक्त प्रकरण में जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर के कार्यालय आदेश संख्या 672/सी0आर0ए0/2023—24 दिनांक 09.10.2023 द्वारा मा0 अधिकरण के आदेश दिनांक 27.07.2023 के अनुपालन में चिन्हिकरण किये जाने तथा वर्तमान में डूब क्षेत्र की स्थिति एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण/अनाधिकृत रूप से आबादी प्रयोग के सम्बन्ध में सर्वे कर आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निम्नवत टीम का गठन किया गया हैः—

1— नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण/ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का सक्षम अधिकारी, (मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी)
2— पुलिस विभाग का सक्षम अधिकारी (पुलिस आयुक्त महोदया द्वारा नामित अधिकारी)।
3— उप जिलाधिकारी दादरी/सदर/जेवर गौतमबुद्धनगर।
4— सहायक अभिलेख अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
5— क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, नोएडा/ग्रेटर नोएडा।
6— अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई गौतमबुद्धनगर।

उक्त के क्रम में समिति की बैठक दिनांक 19.10.23 एवं 27.10.23 को हुई थी। मा0 अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 27.07.23 के अनुक्रम में हिण्डन व यमुना नदी के डूब क्षेत्र के चिन्हीकरण व सीमांकन कराये जाने के सम्बन्ध में समिति द्वारा आख्या प्रस्तुत की गई है। जिसकी प्रति मूल रूप में संलग्न कर मा0 अधिकरण के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

31/10/23

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर।

**मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में विचाराधीन ओ0ए0 संख्या 275/2023 महेश कुमार बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 27.07.2023 के अनुक्रम में हिण्डन व यमुना नदी के डूब क्षेत्र के चिन्हीकरण व सीमांकन कराये जाने के संबंध में आख्या**

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में विचाराधीन ओ0ए0 संख्या 275/2023 महेश कुमार बनाम् उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 27.07.2023 के अनुक्रम में हिन्डन व यमुना नदी के डूब क्षेत्र में चिन्हीकरण व सीमांकन हेतु आख्या निम्नानुसार है:–

यमुना नदी के बॉयें किनारे पर यमुना मार्जिनल बन्ध लम्बाई किमी0 17.150, हिन्डन यमुना दोआब बन्ध लम्बाई किमी0 29.343 (यमुना नदी पर ग्राम छपरौली मगरौली से ग्राम मोमनाथल तक लम्बाई लगभग किमी0 13.343), अट्टा तटबंध ग्राम कासना से ग्राम भाईपुर ब्राहमन तक तथा चौधरी चरण सिंह जेवर टप्पल बन्ध लम्बाई किमी0 12.100 ग्राम रामपुर से ग्राम झुप्पा तक तटबन्ध निर्मित है। बन्ध तथा नदी के मध्य का क्षेत्र फलड प्लेन जोन [redacted] है, जो कि चिन्हित व सीमांकित है।

जनपद गौतमबुद्धनगर में हिन्डन नदी का फलड प्लेन जोन दोनों ओर तटबन्ध बनाये जाने से सुस्पष्ट चिन्हित व सीमांकित है। हिन्डन नदी के **बॉयें किनारे पर** आमनाबाद बन्ध लम्बाई किमी0 4.700 (ग्रेटर नोएडा पश्चिम से गौर चौक तक), कुलेसरा बन्ध लम्बाई किमी0 5.330 (दादरी मैन रोड से ग्रेटर नोएडा पश्चिम), अलाबांस बन्ध लम्बाई किमी0 18.100 (ग्राम कुलेसरा से ग्राम कासना तक) तथा **दॉयें किनारे पर** हिन्डन मार्जिनल बन्ध लम्बाई किमी0 13.200, हिन्डन यमुना दोआब बन्ध लम्बाई किमी0 29.343 (लगभग किमी0 16.000) निर्मित है। इनके मध्य का क्षेत्र फलड प्लेन जोन है, जो कि चिन्हित तथा सीमांकित है।

हिन्डन नदी के बॉयें किनारे पर एन0एच0–24 से चारमूर्ति गौर चौक (जिला गौतमबुद्धनगर के अन्तर्गत लगभग 3.00 किमी0) तक बन्ध निर्मित नहीं है। तटबन्ध निर्मित न होने से यहॉ डूब क्षेत्र स्पष्ट नहीं हैं। वर्तमान में इस क्षेत्र में नदी से ग्राम शाहबेरी तक घनी आबादी, ग्राम मल्टीप्लेक्स, कई रिहायशी सोसाइटी निर्मित हो गई हैं, जिसके कारण उक्त क्षेत्र में बाढ़ से बचाव के लिये बन्ध का निर्माण नहीं किया जा सकता। आई0आई0टी0 दिल्ली ने सिंचाई निर्माण खण्ड, गाजियाबाद के अनुरोध पर वर्ष 2019 में 25 वर्ष आवृत्ति के आधार पर हिन्डन नदी के फलड प्लेन का निर्धारण किया था, जिसके अनुसार डूब क्षेत्र 3196 मी0 से लेकर 1800 मीटर तक है। उक्त के अनुसार डूब क्षेत्र का निर्धारण करने से बडी आबादी/डूब क्षेत्र में आ जायेगी।

वर्ष 1978 में हिन्डन नदी में अब तक सबसे ज्यादा फलड लेविल रिकार्ड (205.06 मीटर) हुआ है। हिन्डन नदी का बैड स्लोप 20सेमी0/किमी0 मानते हुए एन0एच0–24 (लगभग 4.00 किमी0 दूरी) पर हाई फलड लेविल 204.26 निर्धारित होता है। हिन्डन नदी के दॉयें किनारे पर हिन्डन मार्जिनल बन्ध निर्मित है, जो कि एन0एच0–24 पर हिन्डन नदी से 350 मीटर तथा लेविल 204.95 मीटर है। वर्तमान में गौर चौक से एच0एच0–24 को जोडता हुआ एक मार्ग ताज हाई वे निर्मित है, जिसकी नदी से दूरी 1500 मीटर से 200 मीटर तक है, जिसका लेविल 203.50 मीटर के आसपास है। यदि उक्त सडक की ऊॅचाई हिन्डन नदी के दॉयें किनारे पर निर्मित हिन्डन मार्जिनल बन्ध के लेविल के समरूप कर देते हैं तो उक्त सड़क तटबन्ध का कार्य करेगी जिससे डूब क्षेत्र स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जा सकेगा, साथ ही बड़े आबादी क्षेत्र को डूब क्षेत्र में शामिल होने से बचाया जा सकेगा।

क्रमशः–2–

RD, UPPCB Gr. Noida

OSD (GNIDA)

ARO

DC (Abu)

OSD Noida

SDM(S)

हिन्डन मार्जिनल बन्ध तथा उक्त सडक का प्रति किमी0 लेविल में अन्तर निम्न प्रकार है:–

| | हिन्डन मार्जिनल बन्ध | | | ताज हाई–वे | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नदी से बन्ध दूरी (मी0 में) | बन्ध का टॉप लेविल (मी0 में) | बन्ध की चौड़ाई (मी0 में) | नदी से ताज हाईवे की दूरी (मी0 में) | सड़क का टॉप लेविल (मी0 में) | सडक की चौड़ाई (मी0 में) |
| 13.200 | 350.00 | 204.95 | 5.50 | 1500.00 | 206.114 | 45.00 |
| 12.200 | 800.00 | 204.75 | 5.50 | 1000.00 | 203.738 | 45.00 |
| 11.200 | 1400.00 | 204.55 | 5.50 | 500.00 | 203.130 | 45.00 |
| 10.200 | 1500.00 | 204.35 | 5.50 | 200.00 | 202.230 | 45.00 |

ताज हाईवे की ऊँचाई बढ़ाकर एन0एच0–24 से गौर चौक तक फलड प्लेन जोन को स्पष्ट रूप से चिन्हित व सीमांकित किया जा सकेगा।

जनपद गौतमबुद्धनगर क्षेत्र में यमुना नदी के बॉयें किनारे पर तटबन्ध की कुल लम्बाई 70.093 किमी0 है, जिसका फलड प्लेन जोन चिन्हित एवं सीमांकित है। हिन्डन नदी के दॉयें किनारे पर तटबन्ध की कुल लम्बाई 29.200 किमी0 है तथा बॉयें किनारे पर तटबन्ध की कुल लम्बाई 31.200 किमी0 है, जिसमें से 28.200 किमी0 लम्बाई में फलड प्लेन जोन चिन्हित एवं सीमांकित है। हिन्डन नदी के बॉयें किनारे पर गौर चौक व एन0एच0–24 के मध्य मात्र 3.00 किमी0 लम्बाई में फलड प्लेन जोन चिन्हित एवं सीमांकित नहीं है। एन0एच0–24 से गौर चौक तक ताज हाई–वे को तटबन्ध की भॉति प्रयोग करने पर फलड प्लेन जोन को स्पष्ट रूप से चिन्हित व सीमांकित किया जा सकेगा।

अधिशासी अभियंता
हैड वर्क्स खण्ड आगरा नहर
ओखला, नई दिल्ली–25

(संजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई निर्माण खण्ड
गाजियाबाद

(अंकित कुमार)
SDM(S)

ARO

RO, UPPCB
Gr. Noida
(डी.के. गुप्ता)

RO UPPCB Noida

उपजिलाधिकारी सदर
गौतमबुद्धनगर

OSD Noida

OSD(GNIDA)

(पवन कुमार)
ACP(T-2)

ADM F/R
(अतुल कुमार)
अपर जिलाधिकारी (वित्त / राजस्व)
गौतम बुद्ध नगर

(अजय कुमार सिंह)
DC(AKU)
YEIDA

(आलोक गुप्ता)
उपजिलाधिकारी
दादरी, (गौतमबुद्धनगर)

SDM

## DETAILS OF BUND AND DEMARCATION OF RIVER HINDON AND YAMUNA IN DISTT GAUTAM BUDHH NAGAR

DATE-27-10-2023

| | TOTAL LENGTH IN KM | | | |
|---|---|---|---|---|
| | HEADWORKS DISION AGRA CANAL, OKHLA | IRRIGATION CONSTRUCTION DIVISION, GHAZIABAD | BANK OF RIVER | REMARKS |
| **A) HINDON RIVER** | | | | |
| KULESARA BUND | 5.330 | - | LEFT BANK | AREA DEMARCATED |
| AMNABAD BUND | 4.700 | - | LEFT BANK | AREA DEMARCATED |
| ALABANS BUND | 18.100 | - | LEFT BANK | AREA DEMARCATED |
| HINDON MARGINAL BUND | - | 13.200 | RIGHT BANK | AREA DEMARCATED |
| HINDON YAMUNA DOAB BUND (TOTAL LENGTH-29.343) | - | 16.000 | RIGHT BANK | AREA DEMARCATED |
| DOOB AREA FROM TIGRI VILLAGE TO GAUR CHOWK | 3.000 | - | LEFT BANK | AREA IN 3.00 KM LENGTH NOT DEMARCATED DUE TO BUND IS NOT CONSTRCTED IN THIS REACH. |
| TOTAL LENGTH OF BUND AT HINDON RIVER | **31.130** | **29.200** | | |
| **B) YAMUNA RIVER** | | | | |
| HINDON YAMUNA DOAB BUND (TOTAL LENGTH-29.343) | - | 13.343 | LEFT BANK | AREA DEMARCATED |
| YAMUNA MARGINAL BUND | 17.150 | - | LEFT BANK | AREA DEMARCATED |
| ATTA BUND | 27.500 | - | LEFT BANK | AREA DEMARCATED |
| JEWAR TAPPAL BUND | 12.100 | - | LEFT BANK | AREA DEMARCATED |
| | | | | |
| TOTAL LENGTH OF BUND AT YAMUNA RIVER | **70.093** | | | |

अधिशासी अभियंता
हैड वर्क्स खण्ड आगरा नहर
ओखला, नई दिल्ली-25

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई निर्माण खण्ड
गाजियाबाद

उपजिलाधिकारी सदर
गौतमबुद्धनगर

उपजिलाधिकारी
दादरी, (गौतमबुद्धनगर)

अपर जिलाधिकारी (वित्त / राजस्व)
गौतम [illegible] नगर